## मंत्री राजभर ने दिल्ली में पीले गमछे का दम दिखाया, बोले- यह भाजपा पर सीटें बढ़ाने का दबाव या सपा की काट

# 'सबको पता है कौन ताकतवर'

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में अपनी ताकत दिखाई। शुक्रवार को हुई सामाजिक समरसता महारैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा पर हमला बोला। साथ ही 2027 में फिर से एनडीए की प्रचंड जीत का दावा किया। रैली में पीली टोपी और पीला पटका पहने बड़ी संख्या में समर्थक पहुंचे थे।

रैली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण राजभर ने कहा कि दिल्ली में आयोजन का उद्देश्य भाजपा नेतृत्व को पार्टी की ताकत दिखाना था। साथ ही कार्यकर्ताओं में यह भरोसा जगाना था कि सुभासपा की पहुंच अब दिल्ली तक है। उन्होंने कहा कि पार्टी पश्चिमी यूपी में भी अपनी मौजूदगी मजबूत कर रही है। 'छड़ी' चुनाव चिह्न के साथ 2027 की लड़ाई के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल, विधानसभा चुनाव की घोषणा में अब 6 महीने का समय भी नहीं बचा है। एनडीए के सहयोगी दल भाजपा पर दबाव बना रहे हैं कि उन्हें गठबंधन में मिलने वाली सीटों की स्थिति साफ की जाए। जिससे वे उन सीटों पर चुनावी तैयारी शुरू कर सकें। बीते दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के लखनऊ प्रवास में भी एनडीए के घटक दलों के नेताओं ने उनसे मुलाकात कर सीटों के बंटवारे पर बात की थी। इसीलिए राजभर की दिल्ली में हुई इस रैली के बाद लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सत्ता के गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है।



राजभर ने कहा कि दिल्ली में सामाजिक समरसता रैली में ऐसी जातियों के लोग शामिल हुए, जो आज भी सरकार की योजनाओं से दूर हैं।

### सपा-कांग्रेस ने मुसलमानों को धोखा दिया

रैली को संबोधित करते हुए सुभासपा प्रमुख और मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सपा और कांग्रेस पर मुसलमानों को धोखा देने का आरोप लगाया। कहा- आजादी के समय सरकारी नौकरियों में मुसलमानों की हिस्सेदारी करीब 38% थी, जो अब घटकर 1% से भी कम रह गई है। कुछ दल समाज में नफरत फैलाने की राजनीति करते हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी की सरकार में मुस्लिम समाज भी शिक्षा के प्रति जागरूक हुआ है। यूपीएससी (सिविल सर्विस) में 53 मुस्लिम बच्चों के सिलेक्शन इसका उदाहरण है।



रैली में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण राजभर ने कहा कि दिल्ली में आयोजन का उद्देश्य भाजपा नेतृत्व को पार्टी की ताकत दिखाना था।

### ओबीसी की कई जातियां राजनीतिक रूप से वंचित

यूपी में आज भी बड़ी संख्या में बंजारा, सपेरा, प्रजापति, लोहार, नाई समेत कई पिछड़ी जातियां राजनीतिक प्रतिनिधित्व से वंचित हैं। इन वर्गों को अपनी आबादी के अनुपात में अधिकार नहीं मिले हैं। सुभासपा कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर, सालिक यादव, सुनील सिंह समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने भी संबोधित किया।

# 'दंडवत माफी से भी जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी'

## भाजपा का अहंकार ही उसकी सरकार गिराएगा: अखिलेश

**आरोप**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अब भाजपा के नेताओं की स्थिति ऐसी हो गई है कि यदि वे जनता से दंडवत होकर माफी भी मांगें, तब भी जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जनता से किए गए वादों को कभी पूरा नहीं किया, इसलिए लोगों का भरोसा पूरी तरह टूट चुका है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों का इतिहास सत्ता के सामने माफी मांगने का रहा है, लेकिन जनता के प्रति किए गए अपने वादों को निभाने में वे पूरी तरह विफल रहे हैं। उनका कहना था कि जनता अब भाजपा की कथनी और करनी के अंतर को अच्छी तरह समझ चुकी है। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि दूसरों पर माफी मांगने का दबाव बनाना और बयान बदलवाने की कोशिश करना भाजपा की पुरानी और नकारात्मक राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राजनीति अब पुरानी पड़ चुकी है ।



- सपा प्रमुख ने भाजपा पर वादाखिलाफी का लगाया आरोप
- कहा- बयान बदलवाने की राजनीति से बढ़ रहा जनता का आक्रोश

**फास्ट न्यूज**

### जिला कारागार में योग शिविर

गाजीपुर। गाजीपुर में आयुष विभाग के तत्वावधान में शनिवार की सुबह 7 बजे जिला कारागार में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बंदियों और कारागार कर्मियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। योग विशेषज्ञों ने नियमित योग को तनाव, चिंता और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचाव का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसे दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

### कांवड़ यात्रा के लिए 20 पुलिस हेल्प डेस्क

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ में सावन पर्व और कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने व्यापक सुरक्षा और सुविधा व्यवस्था की है। जिले के 13 थाना क्षेत्रों में कांवड़ मार्गों पर कुल 20 पुलिस हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। इन हेल्प डेस्क पर 24 घंटे पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि शिवभक्तों को यात्रा के दौरान तत्काल सहायता मिल सके। शनिवार शाम करीब 6:30 बजे अपर पुलिस अधीक्षक ने भूपियामऊ स्थित पुलिस हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता के साथ श्रद्धालुओं की सहायता करने के निर्देश दिए।

### सामुदायिक शौचालय केयर टेकर परेशान

गाजीपुर। गाजीपुर में ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों पर कार्यरत महिला केयर टेकरों ने मानदेय भुगतान में देरी और वर्तमान भुगतान व्यवस्था पर नाराजगी जताई है। सामुदायिक शौचालय केयर टेकर एसोसिएशन के पदाधिकारी आकाश सागर ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत काम करने वाली इन महिला केयर टेकरों की समस्याएं पिछले पांच वर्षों से लगातार बढ़ रही हैं।

# 'बच्चों से माफी मांगे, नाम बदलने की राजनीति बंद करे भाजपा'

## कांग्रेस सांसद पुनिया ने सरकार पर बोला हमला

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने शनिवार दोपहर 3 बजे दिल्ली के जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर कई मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला।

उन्होंने नोएडा की नाबालिग छात्रा पर दर्ज ज़ीरो एफआईआर, भदोही का नाम बदलने, जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों और अयोध्या चंदा प्रकरण को लेकर सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

सांसद पुनिया ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के खिलाफ कथित बयानबाजी के आरोप में 15 वर्षीय छात्रा पर एफआईआर दर्ज करना उचित नहीं है। उनका कहना था कि बच्चों पर मुकदमा दर्ज करने के बजाय सरकार को उनसे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में कई बार छात्र-छात्राओं पर लाठीचार्ज और रबर बुलेट चलाने जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री से युवाओं से माफी मांगने की भी मांग की।



भदोही जिले का नाम बदलकर ₹संत रविदास नगर₹ किए जाने के फैसले पर पुनिया ने कहा कि सरकार विकास के मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए नाम बदलने की राजनीति कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐतिहासिक पहचान वाले स्थानों के नाम बदलकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस सांसद ने बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे लंबे समय से सरकार के खिलाफ प्रभावी विपक्ष की भूमिका निभाने में असफल रही हैं और जनता इसे समझ चुकी है। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में गैर-स्थानीय मजदूरों पर हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पुनिया ने कहा कि सरकार सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हालात अलग तस्वीर पेश करते हैं। अयोध्या चंदा प्रकरण पर उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर बड़े आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों पर जनता सरकार से जवाब चाहती है।

# नशा समाज और भविष्य दोनों के लिए घातक

## जागरूकता ही बचाव का सबसे प्रभावी उपाय सावित्री देवी राम आधार इंटर कॉलेज, सिंहाली में नशा उन्मूलन लिखित प्रतियोगिता का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने और समाज को इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सावित्री देवी राम आधार इंटर कॉलेज, सिंहाली में नशा उन्मूलन, आर्थिक एवं स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर एक भव्य एवं जागरूकता पूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मेंथा किसान समिति, मसौली द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नव चेतना संघ के संस्थापक राजेश वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा आज के समाज के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। यह न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि उसके परिवार की खुशियों और सामाजिक संरचना को भी प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश की रीढ़ है और यदि यही वर्ग नशे की गिरफ्त में आ जाए तो राष्ट्र का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए तंबाकू, शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ये पदार्थ धीरे-धीरे शरीर को अंदर से खोखला कर देते हैं, जिससे अनेक गंभीर बीमारियां उत्पन्न होती हैं।






कार्यक्रम के दौरान मेंथा किसान समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा द्वारा विद्यार्थियों के बीच नशा उन्मूलन, आर्थिक एवं स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर लिखित प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 10 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर शीर्ष सूची में स्थान दिया गया, जबकि शेष 90 विद्यार्थियों को द्वितीय सूची में रखा गया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं में कमल कुमार, अंशिका, आदर्श कुमार, ज्योति, सोनी यादव, इरम बानो, प्रियांशी यादव, अल्पिका वर्मा, उज्जवल जैन एवं पारुल वर्मा शामिल रहे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने "नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो" एवं "स्वस्थ युवा, सशक्त राष्ट्र" जैसे प्रेरणादायक नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण पूरे समय सकारात्मक, प्रेरणादायक एवं जागरूकता से परिपूर्ण रहा।

## लखीमपुर में मगरमच्छ गांव में पहुंचा, जाल में फंसा अजगर, 71 शहरों में अलर्ट

# बरेली में बारिश, बलिया में नदी में 9 मकान समाए

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में मानसून की रफ्तार फिलहाल सुस्त पड़ गई है। पश्चिमी यूपी के कुछ हिस्सों को छोड़कर प्रदेश के बाकी इलाकों में बारिश थम गई है। शनिवार सुबह 6:30 बजे बरेली में तेज बारिश हुई। वहीं, लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर समेत कई शहरों में बादल छाए रहे। तेज ठंडी हवाएं चलीं।

उधर, पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश से गंगा, घाघरा और सरयू समेत 10 नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में घाटों की सीढ़ियां डूब गई हैं। मंदिरों में पानी घुस गया है। बलिया में सरयू नदी के कटान की चपेट में आकर एक ही दिन में 9 मकान नदी में समा गए, जबकि 100 से ज्यादा परिवार अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने को मजबूर हो गए।




लखीमपुर खीरी की नहर में शुक्रवार को फिर मगरमच्छ दिखा। इससे आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। एक हफ्ते पहले इसी इलाके में मगरमच्छ ने एक कुत्ते का शिकार किया था। वहीं, एक दूसरे गांव में खेत के पास लगे जाल में 12 फीट लंबा अजगर फंस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने उसे रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।

मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब ओडिशा और छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ गया है, जिस वजह से यूपी में मानसूनी गतिविधियों पर अस्थायी ब्रेक लग गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में भी प्रदेश के करीब 70-80% हिस्से से बारिश कराने वाले बादल गायब दिख रहे हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने आज 71 जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

झांसी में शनिवार सुबह से बादल छाए हैं। बीच-बीच में धूप निकल रही है। दिन में एक या दो बार बारिश होने की संभावना है। अधिकतम तापमान 33 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने का अनुमान है।



लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-24 से 48 घंटे के अंदर मानसूनी रेखा तेजी से यूपी की तरफ खिसकने लगेगी। इससे मानसूनी गतिविधियां फिर से तेज होंगी। कल यानी 2 अगस्त को हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 3 अगस्त से तेज बरसात का सिलसिला शुरू होगा। 6 अगस्त पूरे प्रदेश में जोरदार बारिश की संभावना है।

### बिजनौर में गंगा उफान पर, गांव में घुसा पानी

बिजनौर में गंगा नदी उफान पर है। बहसूमा-ठाकुरद्वारा स्टेट हाईवे के ऊपर से पानी बहने लगा है। रायपुर खादर, जलालपुर खादर समेत 6 गांवों में बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच गया है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। एसडीएम चांदपुर ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## नाबालिग दलित किशोर को बहला फुसलाकर सुनसान स्थान ले गया युवक

## अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सूरतगंज कस्बे में एक नाबालिग दलित किशोर के साथ कथित अप्राकृतिक दुष्कर्म का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। आरोप है कि दूसरे समुदाय का एक युवक किशोर को बहला-फुसलाकर नगर के एक सुनसान स्थान पर ले गया, जहां उसके साथ जबरन अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोर को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाला नाबालिग किशोर शुक्रवार की शाम घर से बाहर निकला था। इसी दौरान काशीराम कॉलोनी निवासी मुजीब कथित रूप से उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ नगर के एक सुनसान इलाके में ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने किशोर के साथ जबरन अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह भयभीत हो गया। किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर किशोर अपने घर पहुंचा और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। बेटे की आपबीती सुनकर परिवार के होश उड़ गए। इसके बाद पीड़ित के पिता तत्काल पुलिस के पास पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली। पुलिस ने पीड़ित का चिकित्सीय परीक्षण कराने सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है तथा आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

**भक्ति :** सांसद इमरान मसूद ने प्रसाद बांटा, बेटी को कांवड़ पर बैठाकर निकला पिता

# 8 लाख में सुपर कार जैसी कांवड़ बनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ/गाजियाबाद/लखनऊ। यूपी की सड़कों पर कांवड़ियों की भीड़ दिखने लगी है। कुछ भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेने जा रहे हैं, तो कुछ वहां से लौट रहे हैं। शनिवार को सहारनपुर में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन कर शिवभक्तों का स्वागत किया।

मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा 2026 की सबसे चर्चित 'मैक्लारेन कांवड़' पहुंची। 8 लाख रुपए की लागत से बनी इस डमी सुपर कार पर महादेव विराजमान हैं। बरेली में कांवड़ यात्रा के चलते सावन के हर सोमवार को स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर यह आदेश जारी किया गया है।

हरियाणा के रोहतक से आए 8 शिवभक्त 13 फीट ऊंची कांवड़ के साथ शामली पहुंचे। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। बुलंदशहर का रहने वाला 12 साल का अभिषेक हरिद्वार से 41 लीटर गंगाजल लेकर निकला है।




अलीगढ़ के किसान संजय उर्फ संजू बाबा अपनी 8 साल की बेटी राधा और 7 साल की भांजी देवांशी को अलग-अलग कांवड़ों में बैठाकर हरिद्वार से पैदल यात्रा कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस यात्रा का उद्देश्य बेटियों के सम्मान, संस्कार और धर्म-रक्षा का संदेश देना है। 19 जुलाई को यात्रा शुरू करने के बाद उन्होंने 22 जुलाई को हर की पौड़ी से गंगाजल उठाया और अब बारी-बारी से दोनों कांवड़ उठाकर गांव की ओर बढ़ रहे हैं। इधर, कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस अलर्ट है। सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कांवड़ मार्गों पर CCTV और AI कैमरे लगाए गए हैं। सावन के पहले सोमवार को सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

### बरेली में सावन के सभी सोमवार को स्कूल-कॉलेज बंद

बरेली में कांवड़ यात्रा के चलते सावन के सभी सोमवार को स्कूल, कॉलेज और अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। जिला प्रशासन ने 3, 10, 17 और 24 अगस्त को विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया है। यह आदेश डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर जारी किया गया है।

प्रशासन के अनुसार, सावन के हर सोमवार करीब 15 लाख कांवड़िए शहर के सातों नाथ मंदिरों में जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। इससे प्रमुख मार्गों पर सुबह से देर रात तक भारी भीड़ और जाम की स्थिति रहती है। विद्यार्थियों की सुरक्षा और आवागमन में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।



# बलरामपुर में पत्नी-दो बच्चों को गोली मारकर जान दी

## चारों की लाश अगल-बगल मिलीं, पास में तमंचा पड़ा था

तमसा संकेत, एजेंसी

बलरामपुर । यूपी के बलरामपुर में पति-पत्नी समेत दो बच्चों की गोली लगने से मौत हो गई। झौहना गांव के गोसाई पुरवा में शुक्रवार शाम 6:50 बजे पति-पत्नी और दो मासूमों का शव मिला। गोली चलने की आवाज सुनकर पड़ोसी भागते हुए मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया कि पहले पति ने पत्नी और दोनों बच्चों गोली मारी। इसके बाद खुद पर फायर किया। हालांकि, पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही घटना की असल वजह सामने आने की बात कह रही है। मृतकों में बजरंग गिरी (28), पत्नी कोमल (25), बेटी श्रद्धा (3) और 10 महीने का बेटा जयदीप शामिल हैं।

पुलिस मोबाइल फोन रिकॉर्ड, घरेलू स्थिति और बाकी एंगल पर जांच कर रही है।



बजरंग गिरी, मृतक

मृतक के भाई रामकुमार गिरी ने बताया कि घटना के समय घर में कोई और मौजूद नहीं था। जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो चारों के शव पड़े मिले। घटना किस वजह से हुई, इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

### पुलिस को 1 तमंचा और खोखे मिले

घटना की सूचना पर एसपी विकास कुमार, एएसपी विशाल पांडेय मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पूरे घर को सील कर दिया है। मौके से एक देसी तमंचा और कई खोखे मिले हैं। फोरेंसिक टीम ने सबूत इकट्ठा कर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

एसपी विकास कुमार ने बताया- मृतक के दोनों भाइयों से पूछताछ की जा रही है।

### डीएम ने मौके पर पहुंचकर परखी प्रगति पाथवे, बेंच, खेल उपकरण और सोकपिट निर्माण के दिए निर्देश

# अमृत सरोवरों का बदलेगा स्वरूप

**निर्देश**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिले में अमृत सरोवरों को केवल जल संरक्षण तक सीमित न रखकर उन्हें ग्रामीणों के लिए आकर्षक और उपयोगी सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। शनिवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने टांडा और आलापुर तहसील के विभिन्न गांवों में पहुंचकर अमृत सरोवरों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विकास कार्यों की प्रगति देखी और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिलाधिकारी विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत रामपुर इंडीपिंडी पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नालियों का पानी सरोवर की ओर जा सकता है। इस पर उन्होंने सोकपिट का निर्माण कर गंदे पानी का प्रवाह रोकने के निर्देश दिए। साथ ही सरोवर के सौंदर्यीकरण और नियमित रखरखाव पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य सिर्फ जल संरक्षण नहीं है। इन सरोवरों को पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण सौंदर्य और सामुदायिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इससे गांवों में बेहतर सार्वजनिक स्थान विकसित होंगे और लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा।



#### हरैंया और बेलापरसा में विकास कार्यों की समीक्षा

जिलाधिकारी ने विकासखंड बसखारी की ग्राम पंचायत हरैंया और बेलापरसा स्थित अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों सरोवरों के चारों ओर पाथवे बनाने, बैठने के लिए बेंच लगाने और बच्चों के लिए खेल उपकरण स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सरोवरों का विकास इस प्रकार किया जाए कि यहां ग्रामीणों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।

> जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य तय समय-सीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि अमृत सरोवर योजना का लाभ ग्रामीणों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

#### इंदईपुर में भी दिए सुधार के निर्देश

ग्राम पंचायत इंदईपुर स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, हरियाली और जनसुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अमृत सरोवरों का विकास निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो।

# सड़क सुरक्षा का संदेश लेकर निकले नन्हे कदम

### लिटिल एंजिल्स विद्यालय की रैली बनी आकर्षण का केंद्र

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत लिटिल एंजिल्स विद्यालय ने शनिवार को शहर में जन-जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेश दिए। रैली के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक किया गया। रैली का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, विद्यालय के प्रबंधक अतुल टंडन और प्रधानाचार्या संगीता टंडन ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। जागरूकता ही सुरक्षित यातायात की सबसे मजबूत कड़ी है।





रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे संदेश दिए। पूरे मार्ग में विद्यार्थियों ने जागरूकता से जुड़े नारे लगाकर लोगों का ध्यान सड़क सुरक्षा की ओर आकर्षित किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लापरवाही से वाहन चलाने के दुष्परिणामों को दर्शाया। नाटक में बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज रफ्तार और मोबाइल फोन के इस्तेमाल जैसी लापरवाहियों से होने वाली दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षित ड्राइविंग की आवश्यकता पर जोर दिया गया। रैली जिस मार्ग से गुजरी, वहां राहगीरों और स्थानीय लोगों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

**फास्ट न्यूज**

#### सड़क सुरक्षा सद्भावना कप: डॉक्टर्स इलेवन की लगातार दूसरी जीत

अम्बेडकरनगर। आराध्या श्री फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा सद्भावना कप के दूसरे मुकाबले में डॉक्टर्स इलेवन ने क्रिएटर्स चैंपियन्स अंबेडकरनगर को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। मुकाबला विशाल क्रिकेट एकेडमी में खेला गया।

#### टूटी पुलिया बनी खतरे का रास्ता

अम्बेडकरनगर। जलालपुर थाना क्षेत्र के गोलपुर बाजार के पास स्थित नहर की पुलिया जर्जर होने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। पुलिया पर बने बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से हर दिन आवागमन जोखिम भरा हो रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से हजारों लोग रोजाना गुजरते हैं, लेकिन पुलिया की मरम्मत अब तक नहीं कराई गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिया कई स्थानों से क्षतिग्रस्त है। बरसात होते ही गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों, साइकिल सवारों और पैदल राहगीरों को काफी सावधानी के साथ निकलना पड़ता है।

#### अलनपुर तिराहे पर पुलिस का शिकंजा

अम्बेडकरनगर। इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार तीनों के कब्जे से कुल 4.305 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। बरामदगी के आधार पर तीनों के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है।

## 23.23 करोड़ के मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल निर्माण पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले की महत्वाकांक्षी शैक्षिक परियोजनाओं में शामिल मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अकबरपुर विकासखंड के रामपुर सकरवारी गांव में बन रहे विद्यालय में स्थानीय लोगों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि भवन निर्माण में मानक के अनुरूप ईंटों के बजाय कमजोर गुणवत्ता की ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

निर्माण स्थल पर लगे सूचना बोर्ड के अनुसार मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण बेसिक शिक्षा विभाग के तहत उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड की अयोध्या निर्माण इकाई द्वारा कराया जा रहा है। परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 2323.58 लाख रुपये (करीब 23.23 करोड़ रुपये) है। निर्माण कार्य 17 अप्रैल 2026 से शुरू हुआ है और इसे 17 अक्टूबर 2027 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही कई ईंटें अपेक्षित गुणवत्ता की नहीं हैं। उनका आरोप है कि साइट पर ऐसी ईंटें भी दिखाई दे रही हैं, जो कमजोर हैं और आसानी से टूट रही हैं। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।



> रामपुर सकरवारी में निर्माणाधीन विद्यालय में घटिया ईंटें लगाए जाने का आरोप, गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों ने जताई चिंता

# दोषियों को जल्द सजा दिलाने की रणनीति पर मंथन

### मुकदमों की प्रभावी पैरवी पर पुलिस का फोकस

> पैरवी सेल की गोष्ठी में लंबित मामलों की समीक्षा, साक्ष्यों और अभियोजन को मजबूत बनाने के दिए गए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। आपराधिक मामलों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से दोषियों को समयबद्ध और कड़ी सजा दिलाने की दिशा में पुलिस ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेंद्र कुमार ने पैरवी सेल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर लंबित मुकदमों की समीक्षा की। बैठक में अभियोजन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने और न्यायालय में मजबूत पैरवी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

गोष्ठी में विभिन्न थानों से संबंधित लंबित मुकदमों की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और जहां भी पैरवी या दस्तावेजी प्रक्रिया में किसी प्रकार की कमी थी, उसे समय रहते दूर करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि न्यायालय में प्रभावी अभियोजन के लिए साक्ष्यों का समय पर संकलन, अभिलेखों की शुद्धता और सभी आवश्यक दस्तावेजों का समय से प्रस्तुत होना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि हर मुकदमे की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। बैठक में पुलिस, पैरवी सेल और अभियोजन से जुड़े अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। कहा गया कि विवेचना से लेकर न्यायालय में सुनवाई तक सभी स्तरों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे दोषियों के खिलाफ साक्ष्य प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए जा सकें और न्यायिक प्रक्रिया मजबूत हो।

## सावन के पहले सोमवार से पहले प्रशासन की मैदानी परीक्षा

### चहोड़ाघाट से शिव मंदिर तक तैयारियों का लिया गया जायजा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। सावन के पहले सोमवार पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियों की रफ्तार तेज कर दी है। रविवार से कांवड़ यात्रियों के जत्थों के निकलने की संभावना के बीच शनिवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने आलापुर क्षेत्र के चहोड़ाघाट, शिव मंदिर समेत प्रमुख धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से आकलन किया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सबसे पहले घाट और मंदिर परिसर की साफ-सफाई की स्थिति देखी। इसके बाद पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग, आवागमन के मार्ग और श्रद्धालुओं के प्रवेश-निकास की



व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि श्रद्धालुओं को किसी भी स्थान पर अनावश्यक भीड़, अव्यवस्था या असुविधा का सामना न करना पड़े। जिन बिंदुओं पर सुधार की आवश्यकता महसूस हुई, उन्हें तत्काल पूरा करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों से तैयारियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि सावन माह के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह सक्रिय रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिरों और घाटों पर साफ-सफाई की नियमित निगरानी हो, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था निर्बाध रहे तथा श्रद्धालुओं की आवाजाही सुचारु बनाए रखने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

### ड्रैगन फ्रूट से लेकर मशरूम तक पर मिलेगा अनुदान, डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

# बागवानी मिशन को रफ्तार देने की तैयारी

> - ड्रैगन फ्रूट, केला और अमरूद पर रहेगा विशेष फोकस
> - प्रचार-प्रसार बढ़ाने और लक्ष्य समय पर पूरे करने के निर्देश
> - बैठक में कई विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले में एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय



समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। इसमें भारत सरकार के नए दिशा-निर्देशों, जिले को मिले भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष फल, सब्जी और बागवानी आधारित कई योजनाओं में किसानों को अनुदान दिया जाएगा। फल क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत अमरूद के चार हेक्टेयर, ड्रैगन फ्रूट के दो हेक्टेयर और केले के छह हेक्टेयर क्षेत्र का लक्ष्य तय किया गया है। इन योजनाओं में निर्धारित मानकों के अनुसार 40 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसान लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि बागवानी एवं सब्जी योजनाओं के लाभार्थियों को ₹पर ड्रॉप मोर क्रॉप₹ योजना के तहत सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से भी जोड़ा जाए। साथ ही सभी लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में पूरे किए जाएं और पात्र किसानों को पारदर्शी तरीके से लाभ उपलब्ध कराया जाए।

#### सब्जी, मसाला और पुष्प उत्पादन को भी बढ़ावा

वर्ष 2026-27 में हाइब्रिड और देशी सब्जियों के क्षेत्र विस्तार, प्याज-लहसुन उत्पादन, गेंदा और ग्लैडियोलस की खेती, औषधीय एवं सुगंधित पौधों, मधुमक्खी पालन, बागवानी यंत्रीकरण, प्लास्टिक मल्चिंग, लो-कॉस्ट मशरूम उत्पादन और सब्जियों के लिए मचान निर्माण जैसी योजनाएं भी संचालित की जाएंगी। अधिकांश योजनाओं में 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान रखा गया है।

#### ऑनलाइन होंगे आवेदन, पहले आवेदन करने वालों को प्राथमिकता

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि सभी आवेदन विभागीय पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन लिए जाएंगे। लाभार्थियों का चयन ₹प्रथम आवक-प्रथम पावक₹ के आधार पर किया जाएगा। आवेदन के समय किसानों को खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति और पासपोर्ट आकार का फोटो ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

# राजकीय बालिका हाई स्कूल का स्टाफ और छात्र संख्या चर्चा में

### रामपुर सकरवारी के विद्यालय में नामांकन के मुकाबले कर्मियों की संख्या पर उठे सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर विकासखंड के रामपुर सकरवारी स्थित राजकीय बालिका हाई स्कूल में छात्राओं की संख्या और तैनात स्टाफ के अनुपात को लेकर सवाल उठने लगे हैं। विद्यालय में कुल 56 छात्राओं के सापेक्ष शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की संख्या स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजना वर्मा के अनुसार स्कूल में वर्तमान में कुल 56 छात्राएं नामांकित हैं। इनमें कक्षा नौ में 35 और कक्षा 10 में 21 छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में फिलहाल केवल हाईस्कूल स्तर तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार विद्यालय में चार शिक्षक कार्यरत हैं। इसके अलावा एक स्वीपर, एक चौकीदार तथा दो प्रचारक भी तैनात हैं। छात्र संख्या की तुलना में स्टाफ की संख्या को लेकर स्थानीय लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है।



सरकारी विद्यालयों में कार्यरत एलटी ग्रेड शिक्षकों के वेतनमान और अन्य कर्मचारियों के मानदेय को देखते हुए स्थानीय स्तर पर विद्यालय के वार्षिक वेतन व्यय को लेकर भी चर्चा हो रही है। हालांकि विद्यालय के वास्तविक वेतन भुगतान और कुल व्यय का आधिकारिक ब्योरा सार्वजनिक नहीं है। ऐसे में सटीक वित्तीय आंकड़े संबंधित विभाग के अभिलेखों से ही स्पष्ट हो सकेंगे।

शिक्षा विभाग के उपलब्ध रिकॉर्ड और यू-डायस (UDISE) पोर्टल पर रामपुर सकरवारी के राजकीय विद्यालय का विवरण दर्ज है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्षों में भी इस विद्यालय में छात्र संख्या अपेक्षाकृत कम रही है। मौजूदा सत्र में भी नामांकन सीमित रहने से विद्यालय की उपयोगिता और संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर चर्चा हो रही है।

## गांवों से हटेगा प्लास्टिक का बोझ, एक दिन में 8.20 कुंतल कचरा हुआ एकत्र

### बाजार वाली ग्राम पंचायतों से जुटाया गया प्लास्टिक कचरा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले में प्लास्टिक प्रदूषण पर नियंत्रण और ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए शनिवार को विशेष प्लास्टिक एकत्रीकरण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नौ विकासखंडों की चयनित ग्राम पंचायतों से करीब 8.20 कुंतल प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया। अब इस कचरे को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट भेजकर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जाएगा।

जिला पंचायत राज विभाग की ओर से चलाए गए अभियान में बसखारी, भीटी, भियांव, कटेहरी, जलालपुर, टांडा, रामनगर, जहांगीरगंज और अकबरपुर विकासखंड शामिल रहे। प्रत्येक विकासखंड की बाजार वाली ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया।

अभियान के दौरान बसखारी की



हंसवर और रामडीह सराय ग्राम पंचायतों से 60 किलोग्राम प्लास्टिक एकत्र किया गया। भीटी के सेहरा जलालपुर से 50 किलोग्राम और भियांव के नेवादा तथा अंबरपुर से एक कुंतल प्लास्टिक कचरा जुटाया गया। कटेहरी के अनावा और मंशापुर से भी एक कुंतल प्लास्टिक एकत्र हुआ। जलालपुर के खजुरी और अकबरपुर के सिकंदरपुर से 1.10-1.10 कुंतल प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया, जो अभियान के दौरान सर्वाधिक रहा। टांडा विकासखंड की सदरपुर, चिंतौरा, रसूलपुर मुबारकपुर और सलेमपुर ग्राम पंचायतों से भी एक कुंतल प्लास्टिक एकत्र किया गया।

**हादसा :** जायरीनों से भरी सीएनजी ऑटो पलटी, दो की हालत गंभीर

# दरगाह पहुंचने से पहले हादसा

> झारखंड से किछौछा जियारत के लिए आ रहे 14 यात्रियों में 12 घायल, बसखारी के पास मचा हड़कंप

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। विश्व प्रसिद्ध किछौछा दरगाह की जियारत के लिए झारखंड से आए जायरीनों का सफर बसखारी क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गया। भगाही के आगे असौवापार धोवहा के पास रविवार को यात्रियों से भरी सीएनजी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ऑटो में सवार 14 में से 12 लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जबकि अन्य का



प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार झारखंड के पलामू जिले से 14 जायरीन किछौछा स्थित सैयद मखदूम अशरफ की दरगाह पर जियारत के लिए आए थे। सभी एक ही सीएनजी ऑटो में सवार होकर दरगाह की ओर जा रहे थे। इसी दौरान असौवापार धोवहा के पास वाहन का संतुलन बिगड़ गया और ऑटो सड़क पर पलट गई। ऑटो पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को वाहन से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर एंबुलेंस पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दावा किया कि ऑटो में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठी थीं। कुछ लोगों ने चालक के नशे में होने की भी आशंका जताई। हालांकि पुलिस या प्रशासन की ओर से इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

#### दो को मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर

चिकित्सकों के अनुसार समरीन खातून (28) और अली मोहम्मद (65) को गंभीर चोटें आई थीं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सदरपुर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों में साजिदा, इमरान, गुलनाज, शहनवाज, शहजादी बीबी, अजमेरी बीबी, फरजाना बीबी, शहरून बीबी, नाजमा बीबी और शमीनाज शामिल हैं। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस: आलापुर में शिकायतों का सबसे बड़ा अंबार

### सभी विभागों को तय समय में कार्रवाई के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिले में शनिवार को आयोजित अगस्त माह के प्रथम सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। सबसे अधिक शिकायतें आलापुर तहसील में पहुंचीं, जहां जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ फरियादियों की शिकायतें सुनीं। सुनवाई के दौरान अधिकारियों ने लंबित मामलों में किसी भी प्रकार की शिथिलता पर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आलापुर तहसील में कुल 146 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 17 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा



गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों के निस्तारण को केवल औपचारिक प्रक्रिया तक सीमित न रखा जाए। प्रत्येक प्रकरण की तथ्यात्मक जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिल सके। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की अलग से सुनवाई की। उन्होंने कानून-व्यवस्था और पुलिस से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। हर प्रकरण की गंभीरता के अनुसार समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

